Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 21 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 4 जुलाई 2024



घर में इस तरह से होती है जुनैद...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### हल्द्वानी डिपो ने दिल्ली रूट पर शुरू की वाल्वो बस सेवा

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम ने दिल्ली रूट पर यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए नयी वाल्वो बसों का संचालन शुरू कर दिया है। काठगोदाम के बाद अब हल्द्वानी डिपो भी अनुबंधित वाल्वो बसें चलाएगा। हल्द्वानी डिपो एआरएम सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि बीते बुधवार रात से इस सेवा का शुभारंभ कर दिया गया है। इस पहली बस में परिचालक कौशल जोशी ड्यूटी पर थे जबकि चालक कंपनी का था। एआरएम ने बताया कि आज गुरुवार सुबह सात बजे भी वाल्वो दिल्ली भेजी गई। उन्होंने बताया कि यह वाल्वो सेवा रोजाना रात को 10 बजे व सुबह सात बजे दिल्ली जाएगी। इसी तरह सुबह 10 बजे व अपराह्न चार बजे दिल्ली से हल्द्वानी के लिए चलेगी। उन्होंने बताया कि इन नयी बसों के संचालन से यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा स्मैक तस्कर



**हल्द्वानी।** मेडिकल चौकी पुलिस ने क्रियाशाला रोड के पास एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। मेडिकल चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली क्रियाशाला रोड पर एक युवक स्मैक बेचने की फिराक है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। उसकी तलाश लेने पर उसके पास से 47.24 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में स्मैक तस्कर ने अपना नाम प्रेमपाल पुत्र शिवचरन निवासी ग्राम सिंगरा थाना मीरगंज बरेली बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# विश्व विजेता बनकर लौटी भारतीय टीम का फैंस ने किया जोरदार स्वागत

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम, उसके सहयोगी स्टाफ, कुछ बीसीसीआई अधिकारी और खिलाड़ियों का परिवार तूफान बेरिल के कारण बारबाडोस में फंसे हुए थे। टीम ने शनिवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर खिताब जीता था। इसके बाद से टीम वहीं अपने होटल में थी।

टी20 विश्वकप जीतने के बाद भारतीय टीम आखिरकार भारत पहुंच गई है। विश्वविजेता टीम के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्पेशल फ्लाइट



का इंतजाम किया था जिससे रोहित शर्मा की सेना और मीडियाकर्मी स्वदेश लौटें।

एयर इंडिया की फ्लाइट AIC24WC (एयर इंडिया चैंपियंस 24 विश्व कप) आज सुबह भारत पहुंची। गौरतलब है कि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम, उसके सहयोगी स्टाफ, कुछ बीसीसीआई अधिकारी और खिलाड़ियों का परिवार तूफान बेरिल के कारण बारबाडोस में फंसे हुए थे। टीम ने

### भारत लौटी टीम इंडिया

फाइनल मुकाबला जीतने के बाद नियमित विमान से भारतीय टीम को वापस भारत रवाना होना था लेकिन बारबाडोस में चक्रवाती तूफ़ान की वजह से कर्फ्यू के हालात थे। सभी उड़ाने रद्द थी और खिलाडी व स्टाफ अपने होटलों में फंसे हुए थे। जिसके बाद सरकार की तरफ से विशेष विमान बारबाडोस के लिए रवाना किया गया था।

### फैंस का लगा दिल्ली एयरपोर्ट पर जमावड़ा

भारतीय टीम के स्वागत के लिए फैंस का जमावड़ा दिल्ली हवाईअड्डे के बाहर देखने को मिला। भारी संख्या में लोग रोहित शर्मा की सेना के स्वागत के लिए पहुंचे। 17 सालों का उनका इंतजार आज खत्म हो गया। भारत ने इससे पहले 2007 में तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।

शनिवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर खिताब जीता था। इसके बाद से टीम वहीं अपने होटल में थी।

### हज कर लौट रहे थे घर

# रोडवेज बस ने कार को मारी टक्कर
# तीन बेटे और पिता समेत पांच की मौत

**नई दिल्ली/मुरादाबाद**
**एजेंसी**

रामपुर के स्वार निवासियों की कार को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। घटना में तीन बेटों और पिता समेत पांच लोगों की मौत हो गई। हज करके लौटे पिता को तीनों बेटी दिल्ली से घर ले जा रहे थे। इस बीच उनकी कार को मूंढापांडे में बस ने टक्कर मार दी।

दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग स्थित मूंढापांडे में बृहस्पतिवार की सुबह रोडवेज बस ने हज करके लौट रहे लोगों की कार को रौंद दिया। इसमें एक परिवार के पिता और तीन पुत्रों समेत कार चालक की मौत हो गई। मृतकों में हाजी अशरफ (65) उनके तीन बेट नक्शे अली (42), आरिफ अली(24) और इंतेखाब अली(20) कार चालक अहसान (32) शामिल हैं। हादसे में हज्जन जैतून और उनका बेटा आसिफ अली घायल हुए हैं। यह सभी स्वार कोतवाली के मुकरमपुर गांव के हैं। रामपुर जिले के स्वार कोतवाली क्षेत्र के मुकरमपुर गांव



निवासी अशरफ अली और उनकी पत्नी जैतून हज करने के लिए सऊदी अरब गए थे। हज के बाद दंपती बुधवार की शाम दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरे थे।

उन्हें दिल्ली से रिसीव कर घर लाने के लिए बुधवार को तीन बेटे नक्शे अली, आरिफ अली, आसिफ अली और इंतेखाब अली एयरपोर्ट पहुंचे। कार गांव के ही अहसान की थी और वह ही चला रहे थे। सभी करीब देर रात गांव मुकरमपुर के लिए रवाना हुए। बताते हैं कि बृहस्पतिवार की सुबह करीब छह बजे कार मूंढापांडे पहुंची ही थी कि सामने से आ रही रोडवेज बस चालक ने उसमें टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इससे उसमें सवार अशरफ, उनके बेटे नक्शे अली व आरिफ तथा चालक अहसान की मौके पर ही मौत हो गई।

तीसरे बेटे इंतेखाब ने अस्पताल में दम तोड़ा। हादस के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। दुर्घटना में घायल हाजी अशरफ की पत्नी और बेटे आसिफ का मुरादाबाद के अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलने पर गांव मुकरमपुर में मातम पसरा हुआ है। आसपास के गांवों से भी रिश्तेदार और लोगों का तांता लगा हुआ है।

# उत्तराखंड में सत्संग-मेलों में भीड़ नियंत्रण के लिए बनेगी एसओपी

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**



### हाथरस हादसे से सबक

हाथरस सत्संग में हुई भगदड़ के बाद एडीजी कानून व्यवस्था ने निर्देश जारी किए है। जिलों की एसओपी के बाद पुलिस मुख्यालय भीड़ नियंत्रण की एसओपी जारी करेगा।

हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ के बाद उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय ने भी अतिरिक्त सुरक्षा बरतने के निर्देश दिए हैं। एडीजी कानून व्यवस्था एपी अंशुमान ने सभी जिला प्रभारियों को कहा है कि मेले व अन्य आयोजन की अनुमति से पहले ही भीड़ नियंत्रण के प्रबंध देखे जाएं। यदि वहां पर पर्याप्त प्रबंध नहीं हैं तो एनओसी न दें। इसके साथ ही उन्होंने हर जिले से एक एसओपी बनाकर मुख्यालय को उपलब्ध कराने को कहा है। इसके बाद पुलिस मुख्यालय इन एसओपी के अध्ययन के बाद विस्तृत एसओपी तैयार करेगा।

निर्देश देते हुए कहा कि भीड़ प्रबंधन के मद्देनजर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को संवेदनशीलता से लिए जाने, आयोजन हेतु एनओसी दिए जाने से पहले थाना प्रभारी वहां स्वयं निरीक्षण करेंगे। आयोजन स्थल की भीड़ क्षमता, प्रवेश/निवासी द्वार, पार्किंग आदि का आंकलन करने के बाद ही कार्यक्रम की एनओसी दी जाए। विभिन्न मेले, धार्मिक आयोजन व अन्य कार्यक्रम अनुमति के बाद ही आयोजित किए जाएंगे। छोटे-बड़े आयोजनों के संबंध में एसओपी तैयार कर जल्द से जल्द पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराएं। साथ ही जनपदों में वर्ष में होने वाले मेले, त्योहारों और अन्य अवसरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का वार्षिक कैलेंडर तैयार कर उसके अनुरूप ही आवश्यक पुलिस बल का प्रबंध कराया जाए। बिना अनुमति के आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के आयोजकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। किसी भी मेले और धार्मिक आयोजनों की आयोजक 15 दिन पहले से प्रचार प्रसार करेंगे।

# रुद्रपुर से दिनेशपुर जा रहे कार कार सवार सड़क किनारे खड़ी मशीन से टकराई, दो की मौत

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी रोड फ्लाई ओवर के पास दिनेशपुर मोड़ पर सड़क किनारे खड़े वाहन से कार टकरा गई। इससे कार में बैठे 3 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रुद्रपुर पंहुचाया में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। जब कि एक अन्य घायल युगल को हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार रात को एक कार दिनेशपुर मोड़ पर सड़क किनारे खड़ी सड़क बनाने वाली मशीन से टकरा गई। इससे कार में सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि घटना की जानकारी मिलने पर प्रभारी एसओ प्रदीप कुमार मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने 27 वर्षीय गोपाल मल्लिक पुत्र केशव निवासी वार्ड 5 दिनेशपुर,25 वर्षीय सोनू सरकार पुत्र धर्म चंद्र वार्ड 4 दिनेशपुर को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीसरा घायल युवक 25 वर्षीय दीपू ढाली पुत्र बाबू ढाली वार्ड 5 दिनेशपुर को गंभीर हालत में हल्द्वानी रेफर कर दिया। उक्त युवक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। हादसे की जानकारी मिलने पर तीनों के परिवार भी अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी एसओ प्रदीप कुमार ने बताया कि कार सवार रुद्रपुर से वापस घर लौट रहे थे। परिजनों के मुताबिक तीनों रुद्रपुर में किसी परिचित को ब्लड देकर लौट रहे थे।

# जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिन-रात अलर्ट रहने के निर्देश दिए

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने जिला मुख्यालय नैनीताल में वर्तमान में जिले में हो रही भारी बरसात के चलते जिले में सरकारी मशीनरी की गहन समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिन-रात अलर्ट रहने के निर्देश दिए। इस दौरान सड़क खुलवाने में लापरवाही पर अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा वहीं सड़क ने खतरे की जद में आ रहे परिवारों को तत्काल शिफ्ट करने के लिए निर्देश दिए।

इससे पूर्व डीएम वंदना सिंह ने जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र नैनीताल में आकर क्षति एवं राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान डीडीएमओ शैलेश कुमार ने बताया कि जिले में पिछले 24 घण्टे में सर्वाधिक वर्षा



हल्द्वानी में 111 मिमी रिकार्ड की गई है तथा औसत दैनिक वर्षा 46.4 मिमी आंकी गई है। वर्षा व अतिवृष्टि के कारण लोनिवि, पीएमजीएसवाई के कुल 14 मार्ग बाधित चल रहे हैं तथा शेरनाला व सूर्यानाले में जल प्रवाह बढ़ने से डावर्जन किया गया है। जनपद में लगातार हो रही वर्षा के कारण नालों व गधेरों में जलप्रवाह बढ़ने से होने वाली सम्भावित दुर्घटनाओं को नियंत्रित किये जाने एवं बच्चों की जानमाल की सुरक्षा हेतु जिलाधिकारी ने बुधवार को उप जिलाधिकारियों व खण्ड शिक्षाधिकारियों के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्रों के समस्त विद्यालयों में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए गए। जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र नैनीताल द्वारा भूस्खलन के कारण लोक निर्माण विभाग के विभिन्न खण्डों में बन्द मार्गों को सुचारू किये जाने हेतु तैनात जेसीबी मशीनों के चालकों से सीधे दूरभाष के माध्यम से उनकी लोकेशन ज्ञात कराई गई। काठगोदाम के बंद मार्ग मोरनोला-भीड़ापानी मार्ग को सुचारू किये जाने हेतु तैनात जेसीबी चालक द्वारा अपनी लोकेशन नरतोला बताई गई परन्तु मार्ग के बंद होने के सम्बन्ध में उन्हे कोई सूचना नहीं थी एवं न ही उनके द्वारा मार्ग सुचारू किये जाने का कोई कार्य किया जा रहा था। इसी प्रकार हरीशताल मोटर मार्ग हेतु जेसीबी चालक का विवरण पीएमजीएसवाई काठगोदाम द्वारा पूर्व से आपदा प्रबंधन विभाग को उपलब्ध नहीं कराया गया था। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण लिया है। अधिशासी अभियंताए प्रांतीय खण्ड, लोक निर्माण विभागए नैनीताल को....

... शेष पेज 2 पर

# श्रम कानून का अनुपालन किए जाने की मांग उठाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

श्रमिक संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में उत्तराखंड के विभिन्न राजनीतिक सामाजिक व श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बुधवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत एवं पुलिस उप महानिदेशक कुमाऊं परिक्षेत्र डा.योगेंद्र सिंह रावत से मुलाकात की तथा उन्हें ज्ञापन सौंपकर आधा दर्जन श्रमिक नेताओं पर ऊधमसिंह नगर जिला प्रशासन द्वारा गैर-कानूनी तरीके से की जा रही गुड़ा एक्ट की कार्रवाई को निरस्त किए जाने तथा पुलिस द्वारा डॉल्फि न फैक्ट्री के गुंडों द्वारा मजदूरों पर किए गए।





हमले एवं महिलाओं के साथ की गई छेडख़ानी के मुकदमे को दर्ज करने समेत श्रमिक नेताओं पर लगाए गए लूट के मुकदमे को निरस्त करने तथा सिडकुल समेत सभी औद्योगिक व्यापारिक व सेवा संस्थानों में श्रम कानून का अनुपालन किए जाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि ताजा घटनाक्रम में सिडकुल ( पंतनगर) में बुनियादी श्रम कानूनों को लागू करने, मालिक के गुंडों के हमलों व दमन के खिलाफ डॉलफिन मजदूरों के जारी आंदोलन के दौरान उधमसिंह नगर के जिलाधिकारी द्वारा इंकलाबी मजदूर केंद्र के पूर्व अध्यक्ष कैलाश भट्ट सहित डॉलफि न मजदूर संगठन के नेताओं ललित कुमार, सोनू कुमार, वीरु सिंह, बबलू सिंह और राजेश सक्सेना पर गुंडा एक्ट लगाने एवं जिला बदर करने की चेतावनी के साथ नोटिस जारी किये गये हैं। जिले के एसएसपी की फर्जी रिपोर्ट के आधार पर 19 जून को जारी किये गये इन नोटिसों की भाषा भी बेहद निम्न स्तरीय और आपत्तिजनक है।

ऊधम सिंह नगर का जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन नियम कानून व संवैधानिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर मैनेजमेंट के इशारों पर काम कर रहा है। जिसके कारण मजदूरों एवं क्षेत्र की जनता का कानून व्यवस्था से विश्वास खत्म होने लगा है अत- इस समूचे मामले की निष्पक्ष जांच बेहद जरूरी है।

इस दौरान श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने बताया कि पुलिस प्रशासन की इस तानाशाही के खिलाफ आगामी 7 जुलाई (रविवार) को गांधी पार्क रुद्रपुर में एक श्रमिक पंचायत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समूचे उत्तराखंड के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में उत्तराखंड लोक वाहिनी के अध्यक्ष राजीव लोचन साह, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के महासचिव प्रभात ध्यानी, समाजवादी लोक मंच के मुनीश कुमार, श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, मजदूर सहयोग केन्द्र के अध्यक्ष मुकुल, इंकलाबी मजदूर केंद्र के महासचिव रोहित, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की रजनी, भाकपा (माले) के कैलाश जोशी, कारोलिया लाइटिंग इंपालाइज यूनियन के हरेंद्र सिंह, डॉल्फि न मजदूर संगठन के ललित, नील मेटल जबकि कामगार संगठन के पंकज जोशी, परिव्रतनकामी छात्र संगठन के महेश, कैलाश भट्ट तथा दिनेश उपाध्याय आदि लोग शामिल थे।

उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के अध्यक्ष पी.सी. तिवारी ने ऊधमसिंह नगर में डाल्फि न कम्पनी के मजदूरों के उत्पीडऩ के खिलाफ उनके हक की लड़ाई लड़ रहे मजदूर नेताओं पर गुंडा एक्ट लगाए जाने का भरपूर विरोध दर्ज करते हुए कहा कि माफियाओं और अपराधियों पर लगाम लगाए जाने में नाकाम रही सरकार का मजदूर विरोधी चेहरा स्पष्ट दिख रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी डल्फि न कंपनी के मजदूरों के संघर्ष समर्थन करती है और इस लड़ाई में सडक़ से लेकर न्यायालय तक ले जाने के लिए मजदूरों के समर्थन में रहेगी।



## संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल के आह्वान पर किया पौधरोपण आंदोलन शुरू

**नैनीताल/देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर बुधवार को निगम मुख्यालय नैनीताल में निगम मुख्यालय देहरादून में कर्मचारियों ने पौधारोपण के साथ आंदोलन प्रारंभ किया।

इस दौरान महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि निगम के कर्मचारी विगत कई वर्षों से संविदा दैनिक वेतन और समान कार्य का समान वेतन में काम कर रहे हैं। सरकार से कई बार समझौते होने के बावजूद भी अभी तक नियमितीकरण की कार्रवाई नहीं हुई।

नियमितीकरण को लेकर सभी जनपदों से कर्मचारी देहरादून और नैनीताल में आंदोलन के लिए एकजुट हुए। आंदोलन को सफल बनाने के लिए महासंघ के महामंत्री विजय पुरोहित, संजय भट्ट, जोगिंदर लाल, जयपाल बिष्ट,अनिल जोशाल, कंचन चंदोला, रमेश कपकोटी, गौतम कुमार, पीतांबर दुमका सहित निगम कर्मचारी जुटे रहे।

## सांसद भट्ट ने सरकारी मशीनरी को तैयार रहने के निर्देश दिए

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने भारी बरसात को देखते हुए जिलाधिकारी नैनीताल और जिलाधिकारी उधम सिंह नगर से दूरभाष पर वार्ता कर जल भराव और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सरकारी मशीनरी को तैयार रहने को कहा। लगातार हो रही बरसात के बाद विभिन्न इलाकों में हुए जल भराव का संज्ञान लेते हुए सांसद भट्ट ने जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह और जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर उदय राज सिंह से दूरभाष पर वार्ता कर जिलों में बारिश से हुए जल भराव व नुकसान की जानकारी ली। इस दौरान सांसद भट्ट ने जिलाधिकारी को कहा कि भारी बरसात के पूर्वानुमान के चलते पूरी सरकारी मशीनरी को अलर्ट मोड पर रखा जाए। इसके अलावा तराई क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत बचाव एवं राहतकार्य शुरू किए जाएं। साथ ही पर्वतीय क्षेत्रमें बरसात से हुए नुकसान व प्रभावित लोगों को सकुशल अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट कर उनके रखरखाव की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। श्री भट्ट ने कहा कि दोनों जिलाधिकारी अपने-अपने जिलों में लगातार प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करने में जुटे हैं। सरकारी मशीनरी पहाड़ों में मार्ग खुलवाने को लेकर दिन रात जुटी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा सत्र के चलते वह दिल्ली में है इसके पश्चात तुरंत स्थलीय निरीक्षण के लिए आएंगे।

**NEWS / फटाफट**

### स्वास्थ्य कैंप का आयोजन बच्चों का चैकअप किया



**नैनीताल।** रोटरी क्लब द्वार रोटरी इंद्री शील चेरिटेबल अस्पताल मेहरागांव कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 3 से लेकर 9 तक के बच्चों का चैकअप किया गया। साथ नागरिकों को निशुल्क परीक्षण किया गया। जिसमें राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों का भी परीक्षण किया गया। यह स्वास्थ्य कैंप 7 जुलाई तक चलेगा। स्कूल के प्रधानाचार्य ने प्रतिदिन बच्चों को भेजेंगे। कैंप में दवाएं भी मुफ्त दी जाएगी। रोटरी क्लब नैनीताल वर्ष 2024 से 25 के अध्यक्ष मनोज लांबा ने अपना कार्यकाल एक जुलाई से शुरू करते हुए प्रथम जनसेवा को प्राथमिकता दी है। कार्यक्रम में रोटरी क्लब की संयुक्त सचिव अनुल्म्बा, निवर्तमान अध्यक्ष नरेंद्र लांबा, जेके शर्मा मौजूद रहे।

### अतिवृष्टि से गिरे वृक्ष का निस्तारण कर यातायात सुचारू करें

**नैनीताल।** हल्द्वानी राष्ट्रीय राज मार्ग पर भुजियाघाट के पास ट्रांस्फार्मर एवं विद्युत पोल पर पेड़ गिरने के कारण 11 केवी लाईनें, पोल क्षतिग्रस्त होने से आपूर्ति बाधित हो गया था जिसे अग्निशमन विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं वन विभाग द्वारा अतिवृष्टि से गिरे वृक्ष का तत्काल निस्तारण करते हुए यातायात सुचारू कराया गया। वर्तमान में विद्युत वितरण खण्ड, नैनीताल की टीम द्वारा विद्युत आपूर्ति बहाली हेतु युद्धस्तर पर कार्यवाही की जा रही है। काठगोदाम-चोरगलिया मार्ग पर स्थित शेरनाला में तेज जलप्रवाह होने के कारण मार्ग को जलप्रवाह की स्थिति आंकलित करते हुए केवल बड़े वाहनों हेतु संचालित किया गया। जल प्रवाह कम होने पर पहले छोटे चार पहिया वाहनों तथा और कम होने पा दोपहिया वाहनों हेतु खोला गया। निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी द्वारा मार्ग को सुचारू रखे जाने हेतु जे.सी.बी.मशन की तैनाती कर दी गई। अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, रामनगर द्वारा अमगड़ी-पाटकोट मार्ग जोकि भलौन के निकट बाधित हो गया था. को जे.सी.बी. के माध्यम से सुचारू कराया गया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
**-संपादक**

## भूस्खलन को लेकर 18 लोगों को नोटिस

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में लगातार हो रही बारिश की वजह से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश की वजह से हुए भूस्खलन से नगर के मल्लीताल स्थित चार्टन लॉज कम्पाउण्ड में सुभाष चन्द्र पुत्र मुसद्दी लाल का भवन ध्वस्त हो गया है।

इसी के चलते अब नगर पालिका परिषद भी एक्शन मोड में आ गया है। पालिका ने क्षेत्र में लगातार हो रहे भू-कटाव के चलते जान-माल की हानि होने की प्रबल सम्भावना को देखते हुए क्षेत्र के 18 लोगों को नोटिस देते हुए उक्त स्थान से अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर चले जाने अन्यथा की दशा में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं की होने की बात कही है।

बता दें जिन लोगों को नोटिस दिया गया है उनमें चन्द्र शेखर,कैलाश चन्द्र मिश्रा, पासंग डोमा,भरत कापड़ी, रमेश सिंह धामी, मंगल सिंह बिष्ट, मोईनुद्दीन, सैफउद्दीन, आसिफ अली, मोना, बिलाल,कमल सिंह, शिव प्रसाद गिरीश कुमार,मुख्तार अली,बंसती देवी, मेहंदी हसन तथा मौ0 आसिम शामिल हैं।





### ब्लॉक प्रमुख ने समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए

जन संवाद दिवस मे ब्लॉक प्रमुख भीमताल डा. हरीश सिंह बिष्ट ने समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मानसून में पंचायत प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से भी सतर्क रहने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीण निर्माण विभाग को निर्माणाधीन ब्लॉक भवन का अवशेष कार्य 10 दिन मे पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**पेज एक का शेष**

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों को...

...चार्टल लॉज तथा मल्लीताल में गत वर्ष हुए भूस्खलन से संवेदनशील क्षेत्र को सुरक्षित किये जाने हेतु तत्काल पालीथीन से कवर किये जाने तथा उप जिलाधिकारी नैनीताल को नायब तहसीलदार नैनीताल के माध्यम से मौके का निरीक्षण करते हुए संवेदनशील घरों में रह रहे परिवारों को तत्काल अन्यत्र चले जाने हेतु नोटिस निर्गत किये जाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सीएमओ को पूर्व में दिए गए निर्देशों के द्वारा मानसून सत्र के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में रह रही ऐसी महिलाओं जिनकी प्रसूति अगले 04 माह में है से सम्बन्धित एएनएम व आशा वर्कर के माध्यम से सम्पर्क करते हुए सुरक्षित प्रसव कराए जाने हेतु की जा रही कार्यवाही की दूरभाष के माध्यम से समीक्षा की गई। बाद में डीएम वंदना सिंह ने रुसी गांव और बाई पास स्थित कलमठ तथा सडक़ और पेयजल की स्थितियों का स्थलीय निरीक्षण किया। सडक़ और कलमठ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने 1 किलोमीटर के भीतर करीब 5 से 6 कलमठ बनाने की बात कही जिससे सडक़ों में टूट फूट या सडक़ खराब नहीं हो सके साथ ही बेहतर गुणवत्ता के साथ कलमठ बनाने बात कही।

उन्होंने 15 दिन भीतर सर्वे कर ड्रेनेज कार्य शुरु करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्रैनेज से पहले डामरीकरण नहीं करने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को अगले सीजन तक रुसी बाई पास में रुके कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## व्यवस्था पर सवाल

***अदालत में मामला पहुंचने पर न्यायाधीश ने कम शब्दों में ही गंभीर बात कही है। न्यायाधीश का कहना है कि इस तरीके से डाक्टर बनने वालों से मेडिकल सिस्टम का क्या होगा? पेपर लीक का मामला नया नहीं है। उत्तराखंड में भर्ती परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक माफिया का खुलासा हो चुका है। अब यह कहना अनुचित नहीं होगा कि पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्थाओं से लोगों का विश्वास उठ गया है। युवाओं का भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। उत्तराखंड में पेपर लीक व नकल का मामला सामने आने पर अधिकारियों की गिरफ्तारी व भर्ती रद्द करने का आदेश देकर राज्य सरकार ने कर्तव्य की इतिश्री कर ली थी।***

नेशनल इलिजबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) के पेपर लीक होने के बाद पूरे देश में खलबली मच गई है। देशभर के युवाओं में आक्रोश होना स्वाभाविक है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) समेत सम्पूर्ण व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। सरकार ने जांच के आदेश दिये हैं। मामला अदालत तक पहुंच गया। ग्रेस मार्क्स वाले छात्रों की दोबारा परीक्षा का निर्णय लिया गया, परन्तु करीब आधे छात्र दोबारा परीक्षा देने पहुंचे। बिहार की आर्थिक अपराध इकाई ने खुलासा किया है कि हजारीबाग से पेपर लीक किया गया। अधजले प्रश्नपत्र बरामद किये गये। अदालत में मामला पहुंचने पर न्यायाधीश ने कम शब्दों में ही गंभीर बात कही है। न्यायाधीश का कहना है कि इस तरीके से डाक्टर बनने वालों से मेडिकल सिस्टम का क्या होगा? पेपर लीक का मामला नया नहीं है। उत्तराखंड में भर्ती परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक माफिया का खुलासा हो चुका है। अब यह कहना अनुचित नहीं होगा कि पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्थाओं से लोगों का विश्वास उठ गया है। युवाओं का भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। उत्तराखंड में पेपर लीक व नकल का मामला सामने आने पर अधिकारियों की गिरफ्तारी व भर्ती रद्द करने का आदेश देकर राज्य सरकार ने कर्तव्य की इतिश्री कर ली थी। पेपर लीक मामले में सिर्फ अधिकारी ही दोषी नहीं हैं। कोचिंग सेंटर और राजनीति से जुड़े लोग भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। भारत में दुनिया की सबसे युवा आबादी है। दो करोड़ युवाओं को हर साल रोजगार देने का वायदा करके केन्द्र में सत्तारूढ़ होने के बाद युवाओं को भुला दिया गया, इसी लिए युवाओं का सरकार से मोहभंग हो गया और युवाओं ने वोट डालने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। पिछड़ा राज्य होने के कारण उत्तराखंड में रोजगार के अवसर नहीं हैं और रोजगार के लिए युवा दूसरे राज्यों में पलायन करते हैं। विभिन्न विभागों में भर्ती के लिए युवाओं ने आवेदन किया तो नकल माफिया तथा पेपर लीक करने वालों ने योग्य युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया। सरकार ने भर्ती रद्द कर दी। पेपर लीक और नकल माफिया के तार सरकार से जुड़े हैं। नकल माफिया के रिजाट्र्स में उच्चाधिकारी व नेता ठहरते हैं। इसी रिजाट्र्स में नकल करने वालों को पेपर उपलब्ध कराये गये थे। रिजाट्र्स के स्वामी भी नेता हैं। उत्तराखंड के साथ ही पूरे देश में योग्य युवाओं का भविष्य अंधकारमय किया जा रहा है। युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा तो कोई भी सरकार उन्हें नियंत्रित नहीं कर पायेगी। अनुशासित युवाओं ने जिस तरह चुनाव में वोट के जरिये सत्ता सौंपी है, उसी तरह सत्ता से बेदखल करने में देर नहीं करेंगे। पेपर लीक मामले से जुड़े सभी अधिकारियों, कोचिंग सेंटर तथा मंत्रियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

# अधिवक्ता पर फायरिंग की घटना का खुलासा, तीन दबोचे

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

**खुलासा**
- अंतराष्ट्रीय अपराधियों से जुड़े हैं फायरिंग की घटना के तार
- पुलिस की पकड़ से दूर हैं गोली चलाने वाले शूटर, शूटर भेजने वाला आरोपी बैठा है विदेश में



एसएसपी ने गदरपुर निवासी अधिवक्ता पर हुई फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए रैकी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गोली चलाने वाले पुलिस की पकड़ से दूर हैं। बुधवार को एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने पुलिस कार्यालय में खुलासा करते हुए बताया कि अनिल सिह पुत्र बलवीर सिह निवासी वार्ड 2 सुनार गली गदरपुर ने पुलिस को तहरीर दी थी कि 27 जून 24 को दोपहर बेटा प्रशान्त सिह व सत्यम सिह अपनी कार से स्टाम्प लेने के लिए रुद्रपुर स्थित दुर्गा मंदिर धर्मशाला के पास स्टाम्प विक्रेता के पास आये थे। प्रशान्त सिह स्टाम्प लेने के लिए दुकान में चला गया था। जबकि छोटा बेटा सत्यम सिह गाडी में ही बैठकर इंतजार कर रहा था। बताया कि बेटा सत्यम सिह दुकान से बाहर आकर फोन पर बात कर रहा था। तभी एक काले रंग की स्पलेन्डर बाईक से दो युवक आये थे और दोनों मुह में कपडा लपेटे हुए थे। पीछे बैठे युवक ने सीधे उतर कर बेटे पर 2 गोली मार दी।

गोली बेटे के पैर में लगी है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और एएसपी निहारिका तोमर के पर्यवेक्षण में टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों व टैक्निकल सर्विलांस की मदद से साक्ष्य संकलन करते हुए मुखबिर की सटीक सूचना पर घटना को अन्जाम देने में मदद करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने अपना नाम वंशदीप औलख पुत्र मनमीत सिह निवासी ग्राम सिरसखेडा थाना बिलासपुर जिला रामपुर यूपी, करनजीत सन्धू पुत्र सिवेन्दर सिह निवासी संग्रामपुर थाना शाही जिला बरेली यूपी, मंदीप सिह रायर पुत्र तरनवीर सिह निवासी भोपतपुर सकरिया थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत यूपी बताया। उन्होंने बताया कि तीनों ने रैकी की और घटना के दिन पीडित का स्विफ्ट वाहन में बैठ कर पीछा किया था। पुलिस पूछताछ में तीनों ने बताया कि सहज विर्क जो वंशदीप औलख का रिस्तेदार भी है और जो वर्तमान में यूके में रह रहा है उसके द्वारा वंशदीप औलख को स्नैप चेट पर विडियो काल कर पीडित प्रशान्त सिह की रैकी करने के लिए कहा। जिसके एवज में विदेश जाने में पैसों की व आसानी से बीजा दिलाने की मदद की बात कही। एसएसपी ने बताया कि वंशदीप औलख ने अपने दोस्त करनजीत सन्धू और मंदीप सिह रायर को भी इस घटना में शामिल किया। तीनों को भी विदेश जाना था। करनजीत सन्धू ने रैकी के लिए अपनी कार स्विफ्ट वंशदीप औलख को दी और फिर वंशदीप औलख ने मंदीप सिह रायर के साथ सहज विर्क के बताये अनुसार प्रशान्त सिह के घर की रैकी करने चले गये। प्रशान्त सिह अपने घर गदरपुर से रुद्रपुर को निकला तो वंशदीप औलख और मंदीप सिह रायर स्विफ्ट कार में उसका पीछा करते हुए रुद्रपुर को आये थे और इसकी सूचना सहज विर्क को देते रहे। प्रशान्त जब दुर्गा मंदिर धर्मशाला रुद्रपुर के पास खडा था। तभी सहज विर्क ने सूटरों को सूचना देकर प्रसान्त सिह पर गोली चलवा दी। एसएसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी सहजविर्क के विरुद्ध ठोस साक्ष्य संकलन की कार्यवाही चल रही है। इस दौरान एसपी क्राइम चंदशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एएसपी निहारिका तोमर भी मौजूद थे। टीम में एसएचओ रुद्रपुर धीरेन्द्र कुमार, एसओजी प्रभारी संजय पाठक, एसएचओ जगदीश ढकरियाल, एसएसआई दीपक कौशिक, बाजार पुलिस चौकी प्रभारी पंकज महर, रम्पुरा पुलिस चौकी प्रभारी नवीन बुधानी,एसआई विकास कुमार, एसआई जितेन्द्र खत्री,एसआई दीपक जोशी,एसआई प्रदीप पंत, महिला एसआई दीपा अधिकारी, नेहा राणा, कौशल भाकुनी, भूपेंद्र, मोहन बोरा, महिला कांस्टेबल गंगा आर्या, अनीषा आर्या, विशाल रावत, महेंद्र कुमार,दिनेश चंद्र आदि शामिल थे।

## किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रुद्रपुर।** चौकी आदर्श कालोनी क्षेत्र से एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। परिजनों ने पुलिस से पुत्र की सकुशल बरामदगी गुहार लगाई। जानकारी के मुताबिक आदर्श कालोनी वार्ड 29 निवासी गफ्फार बेग ने पुलिस को बताया कि उसका 13 वर्षीय बेटा हमजा बेग 2 जुलाई को घर से लापता हो गया है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै0 शंकर लाल तुलाराम शाह, दु. नं.A3 नवीन मंडी हल्द्वानी में स्थित है। दि. 29.04.2024 से फर्म के भागीदार जीवन सिंह कार्की पुत्र स्व0 मोहन सिंह कार्की फर्म से बाहर हो गए हैं। श्रीमती मीता कार्की पत्नी जीवन सिंह कार्की फर्म के नए भागीदार बन गए हैं। किसी को भी इस संबंध आपत्ति हो तो उपनिबंधक कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं।
उपनिबंधक फर्म सोसायटी एवं चिट्स जेल रोड, हल्द्वानी

## भाजपाईयों ने विधायक सरिता आर्या के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष विनय रुहेला को बुधवार को नैनीताल प्रवास के दौरान भाजपाईयों ने विधायक सरिता आर्या के नेतृत्व में नैनीताल विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न आपदाग्रस्त क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में अवगत कराकर उन्हें मामले को लेकर ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

इस दौरान उन्होंने रुहेला को नैनीताल क्षेत्र के भूस्खलन वाली जगह कृष्णपुर के गुफा महादेव, नैना पीक,हनुमान गढ़ रोड, जिला अस्पताल ,चार्टन लॉज क्षेत्र, नारायणनगर में बस्ती के ऊपरी वाला क्षेत्र,ग्राम रूसी में ट्रीटमेंट प्लान तथा गरमपानी, भवाली तथा बेतालघाट क्षेत्रों के आपदाग्रस्त क्षेत्रों के बारे में बताया तथा इन सभी जगहों पर बरसात के दिनों में विशेष ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया। रुहेला ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सम्बन्धित आपदा प्रबंधन से जुड़े सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व रुहेला का विधायक सरिता आर्या द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत कि या गया। इस दौरान हुई बैठक में मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, अरविन्द सिंह पडियार, गोपाल सिंह रावत, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, मनोज जोशी, विवेक साह,मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा भावना मेहरा, नीतू जोशी, दिनेश सांगुडी, शिवांशु जोशी, कैलाश रौतेला, अतुल कुमार, रचित तिवारी,पान सिंह खनी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, संतोष कुमार, विकास जोशी,वैभव जोशी,राहुल नेगी,हरीश राणा तथा मनोज साह जगाती आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## घर में इस तरह से होती है जुनैद खान की आलोचना



*आमिर खान के बेटे जुनैद खान बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर चुके हैं। जुनैद की %महाराज% फिल्म में अभिनय के लिए खूब तारीफ हो रही है। इसी बीच, एक ताजा साक्षात्कार में जुनैद खान ने अपने घर में अपनी आलोचना को लेकर कुछ बातें साझा की है। जुनैद ने कहा कि वो अपने को इस मामले में खुशकिस्मत मानते हैं कि वो एक ऐसे परिवार से आते हैं, जो बहुत ही सहायक है। घर के सदस्यों द्वारा होने वाली आलोचना को लेकर जुनैद ने कहा कि इस मामले में भी उनके घरवाले काफी सहायक है और उन्हें प्रोत्साहित करते रहते हैं। जुनैद ने कहा कि उनके घर में फिल्मों को लेकर ज्यादा बातचीत नहीं होती है। उन्होंने कहा कि अगर उनके पिता आमिर खान उन्हें अपनी ओर से कोई सुझाव भी देते हैं तो साथ में यह भी कह देते हैं कि तुम्हें वही करना चाहिए, जो तुम करना चाहते हो। जुनैद ने बताया कि उनकी मां रीना दत्ता भी इसी तरह से अपनी बात रखती हैं और बहन भी बिना किसी शर्त के समर्थन करती है। साक्षात्कार में जुनैद से उनकी और उनके पिता की अभिनय शैली में अंतर को लेकर भी सवाल पूछा गया। जवाब में, उन्होंने कहा कि बतौर कलाकार वे दोनों एक-दूसरे से काफी अलग है। उन्होंने अपने पिता का जिक्र करते हुए कहा कि वो एक कमाल के अभिनेता हैं और कई दफा ऐसा भी होता है कि उनकी दो फिल्मों के बीच, यह बताना मुश्किल हो जाता है कि क्या ये दोनों एक ही आदमी है।*

### करसनदास मुलजी का किरदार

*महाराज फिल्म की बात करें तो यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इसमें जुनैद खान ने एक समाज सुधारक करसनदास मुलजी का किरदार अदा किया है। यह फिल्म साल 1862 के महाराज मानहानि मामले पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने किया है। इसमें जयदीप अहलावत, शालिनी पांडे और शरवरी ने भी अभिनय किया है। फिल्म का निर्माण यशराज फिल्म्स द्वारा किया गया है।*

## दुर्घटना के आरोपी बस चालक के खिलाफ मुकदमा

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

**कार्रवाई**
- मृतका के देवर की तहरीर पर हुई कार्रवाई

कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना के आरोपी निजी बस चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मृतका के देवर की ओर से दी गई तहरीर पर की।

पुलिस के मुताबिक नारायण मिस्त्री पुत्र मोती लाल मिस्त्री निवासी ग्राम पिपलिया नंबर पोस्ट प्रेमनगर गदरपुर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि भाभी मीनू मिस्त्री पत्नी स्व बब्लू मिस्त्री 2 जुलाई 24 को लगभग शाम 4 बजे एलायन्स में ड्यूटी करने के बाद वापस घर आने के लिए एलायन्स गेट के सामने सवारी के इन्तजार में खड़ी थी। तभी एक निजी स्कूल बस का चालक चालक बस को रुद्रपुर से गदरपुर की ओर जा रहा। बस को तेजी लापरवाही व उतावलेपन से चला रहा। फ्लाई ओवर से पहले कई व्यक्तियों ने रोककर टोका था। बताया कि जिस तरह वह चला रहा था, इससे चालक शराब के नशे में होकर चला रहा। सडक किनारे खडी भाभी मीनू मिस्त्री व अन्य पाँच छः महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी थी । सभी महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को जिला चिकित्सालय रुद्रपुर ले जाया गया।

जहां चिकित्सक ने भाभी मीनू मिस्त्री को मृत घोषित कर दिया गया। अन्य कई महिलाओं को हायर सेंटर रेफर किया गया। एसएसआई दीपक कौशिक ने बताया कि बस को सुखविन्दर सिंह पुत्र झरमल सिंह निवासी बरसैना गुलडिया थाना बिलासपुर रामपुर चला रहा था। मेडिकल में शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। मृतका के देवर की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

News कार्नर

## ऑन लाईन जालसाजी के मामले में डायमण्ड एंड ज्वैलरी शोरूम में पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज



**हल्द्वानी।** डायमण्ड एंड ज्वैलरी शोरूम में हुई ऑन लाईन जालसाजी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस जालसाजों की तलाश में जुट गई है। किसना डायमंड एण्ड ज्वैलरी शोरूम के स्वामी ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बीती 26 जून को उसकी दुकान एक महिला और पुरुष आए और उन्होंने 2 लाख 35 हजार रूपए की गोल्ड और डायमंड ज्वैलरी खरीदी। जिसकी पेमेंट वह ऑनलाईन करने लगे। उन्होंने कहा कि शोरूम का अकाण्ट ऑनलाईन शो नहीं हो रहा है जिस पर प्रतिष्ठान के मैनेजर न उसके अकाण्ट में पैसा ट्रांसफर करने को कहा। मैनजर के नंबर पर ट्रांजेक्शन सक्सेफुल का मैसेज तो आ गया लेकिन अकांट में पैसा नहीं आया। मैनेजर ने उनसे पैसा अकाउण्ट में आने तक रूकने के लिए कहा। काफी देर इंतजार के बाद भी जब पैसा अकांउट में नहीं आया तो उसने स्क्रीनशांट को सही मानकर उन्हें जाने दिया दिया और पेमेंट आने तक बिल जनरेट नही होने की बात कही। दुकान स्वामी ने जालसाजों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मानसून सीजन के चलते आपदा की तैयारियों को लेकर समीक्षा

नैनीताल

हमारे संवाददाता



आगामी मानसून सीजन को लेकर उपाध्यक्ष राज्य सलाहकार समिति आपदा प्रबंधन विभाग विनय रुहेला ने बुधवार को नैनीताल में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ ही विभिन्न विभागों की आपदा की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार मे समीक्षा बैठक की। उन्होंने मानसून सीजन के दौरान संभावित आपदाओं को लेकर तैयारियों को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष रुहेला ने कहा कि आपदा से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है इसलिए अधिकारी निष्ठा के साथ कार्य करें। कहा कि आपदा संबंधी अलर्ट और सूचनाओं का समय पर प्रचार-प्रसार जरूरी है इसलिए सूचना प्रसारण तंत्र को सशक्त किया जाए। एलर्ट मिलते ही तुरंत वह लोगों तक पहुंचना चाहिए ताकि लोग सतर्क हो जाएं। कहा कि कंट्रोल रूम में सभी जरूरी विभागों के नोडल अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित करें। कहा कि कंट्रोल रूम में जेसीबी व एंबुलेंस के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण नंबर होने चाहिए। उन्होंने सड़क कनेक्टिविटी बाधित होने पर पैदल मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने मैदानी क्षेत्र हल्द्वानी एवं रामनगर में जलभराव की समस्या के समाधान को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की व स्थायी समाधान तलाशने के निर्देश दिए साथ ही आपदा प्रभावित पशुवंश को समय पर उचित उपचार मिलेए इस दिशा में भी डाक्टरों तथा दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा सेटेलाइट फ़ोन की नियमित तौर पर टेस्टिंग की जाए ताकि आपदा के समय कोई दिक्कत न आए साथ ही उन्होंने जिलों को डाक्टरोंए दवाइयों व फ़ार्मासिस्टों व एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम पीआर चौहान ने बताया कि आपदा से पूर्व पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों को अगस्त माह तक का राशन उपलब्ध करा दिया गया है तथा आपदा से निपटने हेतु क्षेत्र में सड़कों पर जेसीबी की तैनाती कर दी गई है आपरेटर का मोबाइल नम्बर कन्ट्रोल रूम में उपलब्ध करा दिया गया है। आपदा से पूर्व जनपद के शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नालोंए नहरों की साफ सफाई करा दी गई है कमेटी द्वारा इसका सत्यापन भी करा दिया गया है। बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा,सीएमओ डा0 श्वेता भण्डारी उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, आरटीओ संदीप सैनी, लोनिवि व विद्युत,जलनिगम व जलसंस्थान के साथ ही उपाध्यक्ष दिनेश आर्य, मण्डल अध्यक्ष आनंद बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने लिया होम-स्टे योजना के 17 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पर्यटन विभाग द्वारा संचालित वीर चन्द्र सिंह गढवाली पर्यटन स्वरोजगार योजना/दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होम-स्टे) विकास योजना के अन्तर्गत आवेदन करने वाले 17 अभ्यर्थियों का कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा साक्षात्कार लिया गया।

जिलाधिकारी ने साक्षात्कार लेते हुये अभ्यर्थियों से कहा कि जिस योजना हेतु ऋण लिया जाये उसे उसी योजना में व्यय करते हुये अपना रोजगार स्थापित करें। उन्होने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि योजनान्तर्गत पात्र व जरूरतमंद लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित करें।

समिति द्वारा चयनित पत्रावलियों को सम्बन्धित बैंकों में प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट ने बताया कि वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में वाहन मद के अन्तर्गत 13, गैर वाहन मद में 03, होम-स्टे मद में 01 कुल 17 व्यक्तियों द्वारा आवेदन किया था, जिसमे से कुल 17 अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एआरटीओ निखिल शर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उद्योग केन्द्र रेनू सिंह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, लीड बैंक से शिखा नौटियाल, डीडीएम नाबार्ड राजीव प्रियदर्शी उपस्थित थे।

# एक साल पहले बन गया था सड़क का इस्टीमेट पर अब तक नहीं हुआ निर्माण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प

● आरटीओ रोड सत्याविहार जयदेवपुर के लोगों ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

आरटीओ रोड सत्याविहार जयदेवपुर के ट्रांसफार्म व ईष्टदेव कालोनी में सड़क निर्माण की मांग को लेकर लोगों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना था कि सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गये हैं। बरसात में सड़क में जलभराव होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कालोनी के तमाम लोग गुरुवार को नगर निगम पहुंचे और नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि पिछले सात 27 अगस्त को नगर निगम मेयर ने सड़क का सर्वे कराकर इस्टीमेट तैयार करवाया था लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। बरसात के दिनों में सड़क में जलभराव होने से पैदल चलना तो दूर वाहनों से आवाजाही तक में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जनहित में शीघ्र सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

ज्ञापन में धीरज भट्ट, डिकर सिंह पडियार, कृष्ण चंद्र जोशी, ललित मोहन, कपिल तिलारा, त्रिलोक सिंह बिष्ट, दीपक, प्रकाश कांडपाल, जगदीश जोशी, संतोष बिष्ट, कुंदन सिंह नेगी, मोहन नेगी, भूपेंद्र बफिला, अनुराग शर्मा, गोविंद दिगारी, कैलाश चंद्र ओली, डीएस भंडारी, विक्रम सिंह रावत, जगदीश चंद्र पंत, एमसी परगाई, सुरेश कांडपाल आदि के हस्ताक्षर हैं।

# जनता इंटर कालेज के श्रेष्ठता सूची में शामिल छात्रों को सीईओ ने किया सम्मानित



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में जनता इंटर कॉलेज रुद्रपुर के दो छात्रों ने राज्य की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करने वाले इन छात्रों को मुख्य शिक्षाधिकारी ने विद्यालय मे पहुंचकर सम्मानित किया।

कालेज के प्रधानाचार्य सतीश अरोरा ने बताया कि उत्तराखण्ड बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा के परिणाम में हाईस्कूल में जनता इंटर कॉलेज के 2 छात्र अमित कुमार ने राज्य में 22 वां स्थान तथा आयुष अग्रवाल ने 24वाँ स्थान प्राप्त कर पूरे प्रदेश में जनता इंटर कॉलेज का परचम लहराया है। सीईओ केएस रावत ने मेरिट में आने वाले दोनों छात्रों को विद्यालय आकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह छात्र अन्य छात्र-छात्राओं के लिए रोल मॉडल बनेंगे।

सीईओ ने स्कूल के उत्कृष्ट परीक्षाफल पर भी अति प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि क्वांटिटी के साथ-साथ क्वालिटी परीक्षाफल देने के लिए जनता इण्टर कॉलेज के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं प्रधानाचार्य बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर संजय आर्य, अर्जुन सिंह, महेन्द्र टम्टा, मनोज जौहरी, विजय त्रिवेदी, चन्द्रवीर, अमित कपूर, दीप पन्त, विरेन्द्र जोशी, वीजेन्द्र कुमार, देवेन्द्र रावत, गोविन्द, सुरेश गुप्ता, देवेन्द्र पटेल, रंजीत राज, अमित भारती, मुकेश मौजूद रहे।

## काठगोदाम ने नाबालिग किशोरी लापता

**हल्द्वानी।** काठगोदाम क्षेत्र से एक किशोरी लापता को गई है। परिजनों ने काठगोदाम थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। कोलटैक्स जल निगम कालोनी काठगोदाम निवासी ओमवती पटेल पत्नी मननजीत ने काठगोदाम पुलिस को तहरीर दी है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री आंचल बिना बताए घर से कहीं चली गई है। उसकी हर जगह ढूंढ खोज भी की गई लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया।

# हसनैन उपाध्यक्ष व अरविंद सचिव बने

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता





प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे ने हसनैन खातिब को उपाध्यक्ष और अरविंद चौहान को सचिव मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर जिला उपाध्यक्ष रविंद्र बोरा, पंकज कंसल, नदीम खान, गोपाल अधिकारी, गिरिजा नंदन भट्ट, जिला कोषाध्यक्ष लाला जायसवाल, विजय तिवारी, मुरली मनोहर मुलानी, प्रमोद भट्ट, प्रदीप सब्बरवाल, शिव कपूर, रामपाल सिंह गंगोला, प्रवीण पटवाल, सौरभ रौतेला, तल्लीताल नैनीताल अध्यक्ष मारुति नंदन साह, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, कुसुम दिगारी, उर्वशी बोरा, गोविंद भाकुनी, भुवन जोशी, पवन जोशी, पवन वर्मा आदि ने हर्ष जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अंडर-17 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का सीएम धामी करेंगे उद्घाटन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता




वार्ता

● 28 प्रांतों के 700 खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग,100 कोच और 50 रैफरी करायेंगे प्रतियोगिता संपन्न

राष्ट्रीय अंडर-17 फ्री स्टाईल एव, ग्रीको, रोमन कुश्ती चैम्पियनशिप का आयोजन 5 जुलाई से शुरू हो रही है। इस प्रतियोगिता में 28 प्रांतों के 700 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं।

बुधवार को किच्छा रोड एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में उत्तराखंड कुश्ती संघ के महासचिव शिववर्धन सिंह ने बताया कि भारतीय कुश्ती के तत्वाधान में 2024 अंडर-7 कुश्ती चैम्पियनशिप 5, 6, 07 जुलाई को लालपुर किच्छा में कुश्ती एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उ?द्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जायेगा। प्रतियोगिता में भारतीय कुश्ती संघ के संबंद्ध देश के 28 प्रदेशों अपने-अपने भार वर्ग के श्रेष्ठ खिलाड़ी भाग लेगें। प्रतियोगिता में लगभग 700 खिलाड़ी शामिल होगें। इनमें पुरुष के साथ ही महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगी। इसके अलावा लगभग 100 कोच एवं 50 ऑफिशियल, मैच रैकरी इस आयोजन को सुचारू रूप से सम्पन्न करायेंगे। उन्होंने बताया कि कुश्ती चैम्पियनशिप में फ्री स्टाइल ग्रीको रोमन में पुरुष व महिला कुश्ती के दस-दस वर्ग अपने-अपने राज्य के श्रेष्ठ खिलाड़ी विजेता बनाने के लिए गद्दे पर दाव लगायेंगे। मैच तीन गद्दो पर आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन 5 जुलाई को फ्री स्टाईल कुश्ती, दूसरे दिन 6 जुलाई को महिला कुश्ती तथा तीसरे 7 जुलाई को ग्रीको रोमन कुश्ती का खेल होगा। महासचिव ने बताया कि देव भूमि उत्तराखंड की धरती पर पहली बार अंडर 17 कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। ऊधम सिंह नगर में कुश्ती का नेशनल इतिहास में प्रथम बार हो रहा है।

खिलाड़ियों को अन्तराष्ट्रीय मानक के अनुरूप रहने व खाने का प्रबन्धक किया गया है। यह चैंपियनशिप न केवल युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि उत्तराखंड में खेलों को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।